प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

चुनाव नतीजे

प्रदेश में 47 शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई हैं। हालांकि नगर परिषद व नगर पंचायतों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं करवाए गए लेकिन फिर भी कांग्रेस व भाजपा दोनों ही प्रमुख दल इन चुनावों में अपनी–अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि कुल 47 नगर निकायों में से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने 32 निकायों पर जीत हासिल की है। उन्होंने इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जीत राज्य सरकार की कार्यशैली का आधार है और समाज के हर वर्ग ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान किया है।

दूसरी ओर, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में दावा किया कि भाजपा ने 47 में से 30 शहरी निकायों पर जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि 25 नगर परिषदों में से 18 और 22 नगर पंचायतों में से 12 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि इन चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस सरकार से भरोसा उठ चुका है।

आरोप–प्रत्यारोप

शहरी निकायों के चुनाव परिणामों के बाद भाजपा व कांग्रेस में आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि शहरी निकायों में कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली है। उन्होंने कहा कि इन चुनावी नतीजों से ये स्पष्ट हो गया है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करारा जवाब दिया है। उन्होंने इस जीत के लिए भाजपा के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

दूसरी ओर, कांग्रेस संगठन के प्रदेश महासचिव विनोद ज़िंटा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने 47 में से 31 नगर परिषद व नगर पंचायतों में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि सत्ता के इस सेमिफाइनल में कांग्रेस पार्टी का शानदार प्रदर्शन रहा है।

मुख्यमंत्री–बधाई

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज तिरूवनंतपुरम में केरलम् के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने वी.डी. सतीशन को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में केरलम् विकास, सामाजिक न्याय और सुशासन की नई ऊंचाईयों को हासिल करेगा।

संग्रहालय दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इसका उद्देश्य लोगों को सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, शिक्षा और इतिहास के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस मौके पर धर्मशाला स्थित कांगड़ा कला संग्रहालय में 3 दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। कांगड़ा की एस.डी.एम. शिल्पी बेक्टा ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान देशभर से आए कई जाने माने कलाकारों ने लगभग 50 कलाकृतियां प्रदर्शित की हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को हर कलाकार की रचनात्मकता व कला देखने को मिल रही है।

जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक से मुलाकात की। इस दौरान नड्डा ने वैश्विक स्वास्थ्य समानता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पारंपरिक चिकित्सा, एआई–आधारित जन स्वास्थ्य नवाचारों और टीबी उन्मूलन की दिशा में निरंतर प्रयासों जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। बैठक के दौरान, डब्ल्यू.एच.ओ. के महानिदेशक ने भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों और वैश्विक स्वास्थ्य साझेदारियों में नेतृत्व की सराहना की और साझा प्राथमिकताओं पर डब्ल्यू.एच.ओ. के साथ सहयोग और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।